Date :- 30-04-2025
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

सूरत बनेगा देश का पहला ऐसा शहर... जहां जमीन, हवा और जल की सबसे शानदार कनेक्टिविटी होगी

सूरतियों को बीआरटीएस, वाटर मेट्रो व मेट्रो ट्रेन की परिवहन सुविधा मिलेगी

लवकुश मिश्रा | सूरत

मुंबई-दिल्ली जैसे महानगरों का रूप ले रहा सूरत आगामी पांच साल में देश का सबसे वेल कनेक्टेड शहर होगा। सूरत सड़क, पानी और हवा की कनेक्टिविटी वाला देश का ऐसा पहला शहर होगा, जहां मेट्रो ट्रेन, बुलेट ट्रेन, वाटर मेट्रो, फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे, बीआरटीएस, पोर्ट, क्रूज जैसी सुविधाएं होंगी।

यह शानदार कनेक्टिविटी सूरत को देश में नई पहचान देगी। साथ ही शहर की आर्थिक ग्रोथ होगी। बिजनेस सिटी के रूप में जाना जाने वाला सूरत टूरिज्म, मेडिकल और एजुकेशन का भी बड़ा हब होगा। दक्षिण गुजरात में सूरत को अहमदाबाद और मुंबई से जोड़ने वाला मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे इस साल के अंत तक तैयार हो जाएगा। अगले साल सूरत से बिलिमोरा तक बुलेट ट्रेन का ट्रायल शुरू हो जाएगा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर शुरू हो चुका है और मेट्रो ट्रेन अगले साल सूरत में दौड़ना शुरू हो जाएगी।

हजीरा पोर्ट सूरत का प्रमुख बिजनेस केंद्र है, जहां से कई देशों में कटेंनर के जरिए आयात-निर्यात किया जाता है। तापी नदी में वाटर ट्रेन चलाने के लिए प्रारिम्भक सर्वे हो चुका है। आगामी महीनों में यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। दीव, मुंबई और गोवा के साथ सूरत की वाटर कनेक्टिविटी बढ़ेगी और क्रूज चलेंगे।

एक्सप्रेस-वे से दक्षिण गुजरात को कितना फायदा

- दक्षिण गुजरात के लोगों के लिए सबसे बड़ी राहत यह होगी कि अब वे सिर्फ 3.30 से 3.45 घंटे में सूरत से अहमदाबाद तक की यात्रा पूरी कर सकेंगे। अभी 5 घंटे से भी ज्यादा समय लग जाता है। वहीं, भरूच तक पहुंचने में ही अभी करीब साढ़े तीन घंटा लग जाता है।
- यह एक्सप्रेस-वे सिर्फ यात्रियों के लिए ही नहीं बल्कि उद्योगों और कारोबारियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इसके खुलने से सूरत, अंकलेश्वर, नवसारी, भरूच और वलसाड में व्यापारिक गतिविधियां अधिक सुगम हो जाएंगी और इससे गुजरात के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।
- किम और पलसाणा जैसे इलाके एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाने के बाद यहां भी विकास के रास्ते खुल जाएंगे। कपड़ा, केमिकल, प्लास्टिक और फार्मास्यूटिकल जैसे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

मानसून से पहले खुल सकता है भरूच से सूरत-नवसारी तक का सेक्शन



दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे वाले हिस्से में भरूच से लेकर पलसाणा तक के हिस्से का 95% काम पूरा हो चुका है, और इसके अंतिम हिस्से का काम जून 2025 तक पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 61.5 किलोमीटर लंबी 8 लेन पर काम चल रहा है, जिसमें से अधिकांश काम लगभग समाप्त हो चुका है। विशेष रूप से भरूच से सूरत-नवसारी तक के सेक्शन को इस साल मानसून से पहले यातायात के लिए खोलने का निर्णय लिया गया है। इससे लोगों को जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी।

लंबी-थकाऊ यात्रा से मुक्ति दिलाएगा यह एक्सप्रेस-वे

एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चालू होने से दक्षिण गुजरात के नागरिकों को लंबी यात्रा और ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। अहमदाबाद जाना अब और आसान हो जाएगा। मानसून से पहले जून-2025 तक इसके पूरी तरह से चालू होने के बाद इस क्षेत्र के समग्र विकास में भी मदद मिलेगी।